**दिनांकः 08.07.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाना ही संबल पखवाड़े का लक्ष्य।**
- **केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विज्ञान सेतु पहल के तहत धौलपुर में विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की यात्रा के तहत आज ब्राज़ील के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर की उम्मीद।**
- **इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के संदेश के साथ देशव्यापी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्थायित्व अभियान ''कोलेब इंजन'' की आज से शुरूआत।**

-------------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत चल रहे शिविरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसके साथ ही शिविरों में विभिन्न विभागों की ओर से किये जा रहे जनहित के कामों की जानकारी ले रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आज चूरू की जोड़ी ग्राम पंचायत पहुंचे। अंत्योदय शिविर का जायज़ा लेने के बाद उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि अंतिम पायदान के व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाना ही संबल पखवाड़े का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवा, महिला, गरीब और किसान के विकास की यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पशुपालन आवश्यक है।

-------------------

इसके बाद मुख्यमंत्री बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने गुसाईसर बड़ा गांव में शिविर का जायजा लिया और जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने पांच साल में चार लाख नौकरियों देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली दी जाएगी। वर्तमान में 22 जिलों में किसानों को दिन में भी बिजली दी जा रही है।

पखवाड़े के तहत प्रदेशभर की चयनित ग्राम पंचायतों में शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों को फायदा मिल रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले की डुमरोली में लगे शिविर में 50 साल पुराने बंटवारे के मामले का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। लाभान्वित परिवार के मुखिया बाबूलाल यादव ने बताया कि एक ही दिन में हुए इस फैसले से सभी 15 सह खातेदार काफी खुश हैं।

-------------------

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह आज धौलपुर प्रवास पर रहे। उन्होंने मचकुंड रोड़ पर बनाये गये धौलपुर विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया। **विज्ञान सेतु** पहल के **तहत राष्ट्रीय प्रतिरक्षा संस्थान** की ओर से ये केन्द्र स्थापित किया गया है। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि आज का युग विज्ञान का है। युवाओं में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में ये केन्द्र एक अहम प्रयास

है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने स्कूली विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी भी मौजूद रहे।

-------------------

देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब तक करीब पौने पांच करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पौधरोपण समारोह में ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री आज **फरीदाबाद–नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर** पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री गडकरी ने कहा कि **एक पेड़ मां के नाम अभियान सभी के लिए सामाजिक और नैतिक दायित्व है।**

-------------------

हरियालो राजस्थान के तहत मॉनसून के दौरान प्रदेश में भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाये जा रहे हैं।

-------------------

राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने नई शिक्षा नीति को बच्चों का बौद्धिक विकास करने वाली बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को बौद्धिक रूप से समृद्ध करना आज के समय की आवश्यकता है। श्री बागड़े आज भीलवाड़ा में आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में शिक्षा के विश्व प्रसिद्ध केन्द्र रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय गौरवमयी परम्परा का हिस्सा रहा है। केन्द्र सरकार इसकी प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने के प्रयास कर रही है।

-------------------

वनमंत्री संजय शर्मा ने आज अलवर में मेधावी छात्राओं को स्कूटियां सौंपी। कालीबाई भील और देवनारायण निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना के तहत 91 प्रतिभाशाली छात्राओं ने ये स्कूटियां प्राप्त कीं।

-------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों के अपने दौरे में आज ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ बैठक करेंगे। राजधानी ब्रासीलिया में होने वाली इस भेंट के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष सहित अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की भी उम्मीद है।

प्रधानमंत्री यात्रा के अंतिम चरण में कल नामीबिया पहुंचेंगे। राजधानी विन्डहोक में श्री मोदी नामीबिया के राष्ट्रपति नेतुम्बो नंदी नेतवाह के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी नामीबिया की संसद को भी संबोधित करेंगे।

-------------------

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि निष्क्रिय प्रधानमंत्री जनधन खातों को बंद करने का बैंकों को कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मंत्रालय ने ये बयान उन मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर दिया है, जिनमें कहा गया है कि वित्तीय सेवा विभाग ने बैंकों से ऐसे खाते बंद करने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि निष्क्रिय जनधन खातों की संख्या पर लगातार नज़र रखी जा रही है। इसके साथ ही बैंकों को खाताधारकों से सम्पर्क कर इन

खातों को चालू करवाने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे तीन महीने के संतृप्ति अभियान को देखते हुए ये बयान जारी किया है।

-------------------

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए **देशव्यापी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्थायित्व अभियान** की शुरूआत की। नई दिल्ली से शुरू हुए **''कोलेब इंजन''** के नाम का ये अभियान युवा नेतृत्व वाला ईवी रोड अभियान है। ये 25 शहरों में साढे दस हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इस दौरान विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जनसंवाद और जागरूकता सत्र होंगे। पत्रकारों से बातचीत में श्री टम्टा ने कहा कि इसके माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का संदेश दिया जाएगा।

-------------------

हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। केन्द्रीय हज समिति के अनुसार इच्छुक यात्री आधिकारिक पोर्टल या हज सुविधा मोबाइल एप के जरिए 31 जुलाई तक आवदेन कर सकते हैं। समिति ने आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर ध्यान से विचार करने की सलाह दी है। मृत्यु या गंभीर चिकित्सा स्थिति को छोड़कर आवेदन रद्द करने पर जुर्माना लगेगा।

-------------------

पूर्वी राजस्थान में अगले तीन दिनों में कहीं—कहीं बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार हैं। वहीं पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से बरसात में बढ़ोतरी की संभावना है। कोटा संभाग में कल कुछ जगह भारी बारिश हो सकती है। इस बीच, आज भरतपुर, कोटा, उदयपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात का पूर्वानुमान है। श्रीगंगानगर में दोपहर बाद कुछ देर तेज बरसात हुई। राजधानी जयपुर में कई जगह बारिश हुई। बाड़मेर और सवाईमाधोपुर सहित कुछ अन्य स्थानों से भी रिमझिम बारिश के समाचार हैं। बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर पानी ब्यावर के विजयनगर में बरसा। भीलवाड़ा के आसींद, बारां के छीपाबड़ौद, जयपुर के पावटा, अजमेर के भिनाय और श्रीगंगानगर के पदमपुर तथा सूरतगढ़ में अच्छी बारिश हुई। प्रदेश के छोटे—बड़े 692 बांधों में से 68 लबालब हो गये हैं। वहीं 404 बांध आंशिक रूप से भर गये हैं।

-------------------

भरतपुर के कांधौली गांव से तीन शिकारियों को पकड़ा गया। ये राष्ट्रीय पक्षी मोर और दुर्लभ प्रजाति के जीव गलगलिया का शिकार कर रहे थे। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनके कब्जे से मृत जीव बरामद किये गये।

-------------------